पटना, बिहार में कुकिंग गैस के एजेंट

2924. **श्री रामावतार शास्त्री : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या सरकार ने बिहार की राजधानी पटना में कुकिंग गैस एजेंट नियुक्त किये हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) प्रत्येक एजेंट को आवंटित गैस सिलिंडरों का मासिक कोटा कितना है;

(घ) क्या गैस सिलिंडरों में भ्रष्टाचार के बारे में स्थानीय समाचार पत्रों में यदाकदा प्रकाशित होते हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विचार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) और (ख) इस समय पटना में इंडियन आयल कारपोरेशन के खाना पकाने की गैस के 5 एजेंट काम कर रहे हैं जो निम्न प्रकार हैं :—

(1) एस० के० ट्रेडिंग कम्पनी

(2) अमरज्योति गैस सर्विस

(3) सुधचन्द्रिनी गैस सर्विस

(4) पाटलीपुत्र गैस सर्विस

(5) अनामिका इण्डेन

(ग) वितरकों को गैस सिलेंडरों का कोटा आवंटन करने की कोई प्रणाली नहीं है। उन्हें सप्लाई उन के द्वारा ग्राहकों को की जा रही रिफिलों की आवश्यकता के अनुसार की जाती है। तथापि, यह सप्लाई, सप्लाई स्रोतों से उत्पाद की उपलब्धता होने पर ही की जाती है।

(घ) विशिष्ट क्षेत्र के गैस वितरकों के विरुद्ध उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतें कभी कभी स्थानीय समाचार पत्रों में छापी जाती हैं।

(ङ) शिकायतों की जांच की जाती है और जहां कहीं आवश्यक हो, सम्बन्धित तेल कम्पनी द्वारा औपचारिक उपाय किए जाते हैं।

प्रत्येक दूरदर्शन केन्द्र में स्टाफ आर्टिस्टों के रिक्त पदों की संख्या

2925. **श्री राम अवध : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री** निम्नलिखित जानकारी दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रत्येक दूरदर्शन केन्द्र में स्टाफ आर्टिस्टों के कितने और कौन-कौन से पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) उनमें से, केन्द्रवार, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये कितने पद आरक्षित हैं; और

(ग) इन रिक्त पदों को भरने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है और इस बारे में ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जाएगा।